कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.12.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज की डिलेश्वरी एवं धनु ने जीते स्वर्ण पदक

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने इंटर कॉलेज तैराकी प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 06 पदक जीते। महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय शंकराचार्य महाविद्यालय में अन्तर महाविद्यालयीन तैराकी प्रतियागिता का आयोजन किया गया था। जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कु. डिलेश्वरी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते। उन्होनें 50 मीटर बैंक स्ट्रोक, 100 मीटर की फ्री स्टाईल, 200 मीटर की फ्री स्टाईल में सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीते।

महाविद्यालय की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. धनु ने 2 स्वर्ण पदक और 01 रजत पदक जीता। उन्होनें 200 मीटर आई.एम. एवं 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक एवं 100 मीटर बटरफ्लाई में रजत पदक जीत कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। उपरोक्त दोनों खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन स्वीमिंग प्रतियोगिता हेतु हुआ। यह प्रतियोगिता दिनांक 21 से 23 दिसम्बर 2023 को कलिंगा युनिवर्सिटी ऑफ सोशलसाईन्सेस भुवनेश्वर में आयोजित होगी।

छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द तिवारी, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. सुषमा यादव एवं महाविद्यालय परिवार ने बधाई दी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज की
गर्ल्स कॉलेज की डिलेश्वरी एवं धनु ने जीते स्वर्ण पदक